प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 24.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण देश में किसानों की आय में उल्लेखनीय बढोतरी हुई है। उन्होंने आज लोकसभा में ये जानकारी देते हुए कहा कि किसानों की आमदनी न सिर्फ दुगनी हुई है बल्कि कई मामलों में तीन गुना और आठ गुना तक बढी है। श्री चौहान ने बताया कि कृषि बजट पहले 19 हजार 306 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 1 लाख 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने ये भी बताया 2014 से देश में खाद्यान्न उत्पादन में 44 प्रतिशत की बढोतरी हुई है।

0000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड आरबीएसई की दसवीं, आठवी और पांचवी बोर्ड परीक्षा के नतीजे आज जारी हो रहे है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और बोर्ड प्रशासक, संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ अजमेर स्थित बोर्ड कार्यालय से ये परिणाम घोषित कर रहे है। बोर्ड सचिव ने बताया कि पहली बार 10वीं कक्षा का परिणाम 12 वीं से पहले मार्च महीने में जारी किया जा रहा है। पहले ये रिजल्ट मई–जून में जारी होते थे। उन्होंने बताया कि 10वीं बोर्ड परीक्षाएं 28 फरवरी को समाप्त हुई थी और 23 दिन बाद ही नतीजे घोषित हो रहे है। परीक्षा में कुल 10 लाख 68 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

0000

हनुमानगढ में कल राजसखी मेले का आगाज हुआ। फोर्ट स्कूल ग्राउंड में लगाया गया ये मेला 29 मार्च तक चलेगा। इसमें प्रदेशभर से आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध है। मेलार्थियों के मनोरंजन के लिए रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

0000

राज्य में आंधी बारिश की गतिविधियां इस महीने के आखिर तक जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस बीच प्रदेश में दो अलग–अलग पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार है, जिसका असर राज्य के कई हिस्सों में देखने को मिल सकता है। बीते 24 घंटों में राजधानी जयपुर सहित हनुमानगढ़ और झुंझुनूं समेत कई जिलों में हल्की बारिश का दौर देखने को मिला। वहीं बारां और अजमेर में कहीं–कहीं तेज बारिश भी हुई। कोटा में दोपहर के समय झमाझम बारिश देखने को मिली। वहीं झालावाड, सवाईमाधोपुर और बूंदी में बादल छाये रहे।

0000

टीबी महामारी को पूरी तरह खत्म करने की प्रतिबद्धता के साथ आज विश्व क्षय रोग दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रदेश में कई जागरूकता कार्यक्रम हो रहे है। इसी कडी में झुंझुनूं में आज रैली निकाली गई। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले के 234 गांवों को चिन्हित किया गया है, जहां संभावित मरीजों की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर जाकर सघन स्क्रीनिंग करेगी। विश्व क्षय रोग दिवस के मौके पर भरतपुर, डीग और पाली में भी नर्सिंगकर्मियों और विद्यार्थियों ने टीबी रोग से जुडी भ्रांतियों को दूर करने के लिए रैली निकाली। अभियान के तहत सवाईमाधोपुर जिले में आज से आयुष्मान आरोग्य शिविरों की शुरूआत हुई। अभियान के तहत हेंड हेल्ड डिजिटल एक्सरे मशीनों का उपयोग कर टीबी रोगियों की पहचान की जायेगी।

0000

भारतीय औषधि नियंत्रक ने **जी.एल.पी.–1** आधारित, वजन घटाने की दवाओं की अनधिकृत बिक्री और प्रचार के खिलाफ निगरानी तेज कर दी है। बाजार में खुदरा फार्मेसियों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, थोक विक्रेताओं और क्लीनिकों के माध्यम से इन दवाओं के कई जेनेरिक वेरिएंट की बढ़ती उपलब्धता के मद्देनजर ये कदम उठाया गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि डॉ. की सलाह के बिना इन दवाईयों के सेवन से गम्भीर नुकसान हो सकता है। मंत्रालय ने बताया कि इससे पहले, 10 मार्च को निर्माताओं को उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले विज्ञापनों का प्रचार नहीं करने की सलाह दी गई थी। आने वाले समय में ये निगरानी और तेज की जायेगी साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

0000

सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के अनुयायी ही अनुसूचित जाति का दर्जा पाने के पात्र हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि किसी अन्य धर्म जैसे कि ईसाई धर्म में धर्मांतरण करने से अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत और पूरी तरह से समाप्त हो जाता है। अदालत ने कहा कि एक बार कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपना लेता है और सक्रिय रूप से उस धर्म का पालन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने फैसला सुनाया कि ईसाई धर्म अपनाने वाला दलित व्यक्ति अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत संरक्षण का दावा नहीं कर सकता। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि यह स्थिति संविधान अनुसूचित जाति आदेश, 1950 के तहत स्पष्ट रूप से स्थापित है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।

000